हथखोज में रेल इंडस्ट्रियल पार्क तथा भिलाई में विभिन्न अधोसंरचनाओं का लोकार्पण

चर्चा में क्यों?

28 अप्रैल, 2022 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दुर्ग ज़िले के औद्योगिक क्षेत्र भिलाई में स्थित हथखोज में नवनिर्मित रेल इंडस्ट्रियल पार्क एवं भारी व हल्का औद्योगिक क्षेत्र भिलाई में निर्मित अधोसंरचनाओं का लोकार्पण किया।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि रेल पार्क में 22 भूखंड हैं। रेल पार्क में 8 करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड, पाइपलाइन, ओवरहेड टैंक, स्ट्रीट लाइट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।
- रेल इंडस्ट्रियल पार्क से यहाँ पर औद्योगिक गतिविधियों का तेज़ी से विस्तार होगा। बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर होने का लाभ रेलवे के लिये उपकरण तैयार करने वाली यूनिटों को होगा।
- एक ही जगह पर अधोसंरचना उपलब्ध होने का लाभ उद्यमियों को होगा तथा रेलवे के लिये भी रेल पार्क बन जाने से आसानी होगी।
- इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने हल्के एवं भारी औद्योगिक क्षेत्र में सवा चार किलोमीटर सीसी रोड का लोकार्पण भी किया गया। इसकी लागत 12 करोड़ रुपए है।
- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार ने अब तक 167 एमओयू किये हैं। इनके माध्यम से 78 हज़ार करोड़ रुपए का निवेश प्रदेश में प्रस्तावित है, इनमें 90 इकाइयों को लगाने की प्रक्रिया भी आरंभ हो गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/launch-of-rail-industrial-park-in-hathkhoj-and-various-infrastructure-in-bhilai